## खबर संक्षेप

### मरीज को दिलाई 25 हजार की आर्थिक मदद

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एक मरीज को 25 हजार की सहायता राशि स्वीकृत की है। यह राशि मिलने से मरीज का सावनेर के अस्पताल में ईलाज हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि गंभीर रूप से बीमार मरीज के परिजनों ने पिछले दिनों सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुये बीमारीं के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलाने की गुहार लगाई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुये सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर मरीज को ईलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनकी स्वेच्छानुदान मद से पांढुर्णा के ग्राम मांगुरली निवासी प्रभाकर पिता गोविंदराव मोहोड़ को ईलाज के लिए 25 हजार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। उक्त राशि मिलने से सावनेर के अस्पताल में भर्ती मरीज का इलाज हो सकेगा। आर्थिक सहायता मिलने पर मरीज और उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

### दिवांगतजनों को अर्पित की श्रध्दांजलि

**छिंदवाड़ा।** जिले के आमजनों के साथ ही भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ मित्रवत भाव रखने वाले सांसद बंटी विवेक साहू अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच लोगों के दुख में भी शामिल हुए। अति व्यस्त कार्यक्रमों के बीच समय निकालकर अपने कार्यकर्ताओं और आमजनों के साथ पारिवारिक माहौल में चर्चा करना सांसद बंटी विवेक साहू के स्वभाव में शामिल हैं। इसी के तहत सांसद बंटी विवेक साहू ने भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ. कृष्ण हरजानी के निवास स्थान पहुंचकर उनकी माताजी श्रीमती पारी देवी हरजानी के निधन पर दुखः व्यक्त करते हुए परिवारजनों को ढांढस बंधाया। सांसद बंटी विवेक साहू ने पेंशनर्स समाज के जिलाध्यक्ष एसडी तिवारी के निवास स्थान पहुंचकर उनके बेटे के निधन पर भी दुखः व्यक्त करते हुए परिवारजनों को सांत्वना दी। सोनपुर मल्टी में वरिष्ठ समाजसेवी पूनम गुप्ता के निवास स्थान पहुंचकर उनके सुपुत्र प्रतीक गुप्ता के निधन पर दुखः व्यक्त करते हुए परिवारजनों को ढांढस बंधाया।

### शहीद परिवार सम्मान समारोह को लोगों किया लॉन्च

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने शनिवार को सांसद कार्यालय में शहीद परिवार सम्मान समारोह को लोगो लॉन्च किया है। विदित हो कि साहित्य, संगीत, संस्कृति को समर्पित छिंदवाड़ा जिले की संस्था युवा प्रतिभा प्रोत्साहन मंच द्वारा आगामी 26 जुलाई 2026 दिन रविवार को शाम संस्था की आठवीं वर्षगांठ एवं कारगिल विजय दिवस के अवसर पर विजयगान, कवि सम्मेलन और शहीद परिवार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। सांसद बंटी विवेक साहू ने सन् 2018 से कला की विभिन्न विधाओं से जुड़ी नई प्रतिभाओं के प्रोत्साहन हेतु निरंतर प्रयासरत युवा प्रतिभा प्रोत्साहन मंच के सभी साथियों और पदाधिकारियों को उक्त आयोजन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के पदोन्नति आदेश जारी

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी छिंदवाड़ा हरेंद्र नारायन द्वारा राजस्व विभाग के आदेशों के परिपालन में विगत दिवस जिले के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के पदस्थापना आदेश जारी किए गए हैं। आदेश के अनुसार नवपदस्थ एवं पदोन्नत अधिकारियों को विभिन्न तहसीलों में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की शक्तियों के साथ नवीन दायित्व सौंपे गए हैं। जारी आदेश के अंतर्गत श्रीमती मीना दशरिया यथावत तहसीलदार नगर छिंदवाड़ा रहेंगी। श्री रत्नेश ठवरे को अतिरिक्त तहसीलदार नगर की जिम्मेदारी दी गई है। श्रीमती हेमांगप्रिया श्रीवास्तव को प्रभारी तहसीलदार नजूल से छिंदवाड़ा तहसील ग्रामीण, श्री मलय वाजपेयी को प्रभारी तहसीलदार हर्रई से नायब तहसीलदार छिंदवाड़ा, श्रीमती सरिता अहके को नायब तहसीलदार बिछुआ से नायब तहसीलदार छिंदवाड़ा, नायब तहसीलदार श्री भीमराव वानखेड़े को जिला कार्यालय से नायब तहसीलदार छिंदवाड़ा ग्रामीण, श्री प्रजीत बंसोड़ को जिला कार्यालय से तहसीलदार मोहखेड़ पदस्थ किया गया है।

### विकलांग बेटे के साथ रह रहे बुजुर्ग ने पुलिस से सुरक्षा और निष्पक्ष जांच की मांग

# नाती के नाम रजिस्ट्री के बाद बढ़ा पारिवारिक विवाद, बुजुर्ग पिता ने लगाया पत्नी को बंधक बनाकर रखने का आरोप

### पारिवारिक विवाद बताकर पुलिस ने काटी एनसीआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाड़ा



बुजुर्ग पिता इंदरलाल



मूकबधिर बेटा डालचंद यदुवंशी

जिले में संयुक्त परिवार की कृषि भूमि को लेकर एक गंभीर पारिवारिक विवाद सामने आया है। आरोप है कि वर्ष 1995 में संयुक्त परिवार की आय से खरीदी गई छह एकड़ कृषि भूमि में से तीन एकड़ जमीन माता और तीन एकड़ जमीन पिता के नाम दर्ज कराई गई थी। परिवार में लंबे समय से यह सहमति थी कि तीनों बेटों को दो-दो एकड़ भूमि दी जाएगी और सभी उसी आधार पर खेती-किसानी करते रहे। लेकिन करीब एक माह पूर्व माता ने परिवार के अन्य सदस्यों, विशेषकर अपने पति और दो बेटों को विश्वास में लिए बिना अपने बड़े पुत्र के बेटे (नाती) के नाम तीन एकड़ भूमि की रजिस्ट्री करा दी। इस रजिस्ट्री के बाद परिवार में विवाद गहरा गया है।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि यह निर्णय पूरी तरह एकपक्षीय था। उनका कहना है कि यदि माता को अपनी संपत्ति के संबंध में कोई निर्णय लेना भी था, तो परिवार के सभी सदस्यों को विश्वास में लेना चाहिए था। बिना जानकारी और सहमति के की गई रजिस्ट्री ने वर्षों से चली आ रही पारिवारिक व्यवस्था को तोड़ दिया और अब विवाद न्यायालय और पुलिस तक पहुंचने की स्थिति में है।

मामले का सबसे संवेदनशील पक्ष यह है कि परिवार के बुजुर्ग पिता वर्तमान में अपने मूक एवं दिव्यांग बेटे के साथ अलग रहकर जीवनयापन करने को मजबूर हैं। आरोप है कि रजिस्ट्री होने के बाद से उनकी पत्नी बड़े बेटे के घर पर रह रही हैं। जब भी बुजुर्ग पिता अपनी पत्नी को वापस अपने साथ ले जाने के लिए बड़े बेटे के घर पहुंचते हैं, तो बड़े बेटे और उसके परिवार के लोग उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हैं और पत्नी को उनके साथ नहीं भेजते। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि बड़े बेटे का परिवार जानबूझकर माता को अपने पास रखे हुए है, क्योंकि उन्हें आशंका है कि यदि वह वापस पति के साथ रहने लगेंगी तो रजिस्ट्री से जुड़े विवाद में सच्चाई सामने आ सकती है या वे अपने निर्णय पर पुनर्विचार कर सकती हैं। बुजुर्ग पिता का कहना है कि जीवन के इस पड़ाव में उन्हें अपनी पत्नी के साथ रहने का अधिकार है, लेकिन संपत्ति विवाद के कारण परिवार बिखर गया है। वहीं मूक-दिव्यांग बेटे के भविष्य और देखभाल को लेकर भी चिंता बढ़ गई है।

उनका आरोप है कि संपत्ति के लालच में परिवार के रिश्ते टूट रहे हैं और एक बुजुर्ग पिता को अपनी पत्नी से अलग रहने के लिए मजबूर किया जा रहा है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक एवं जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, शिकायत दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने तथा बुजुर्ग पिता की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने यह भी मांग की है कि यदि जांच में छल, अनुचित प्रभाव या तथ्यों को छिपाकर रजिस्ट्री कराए जाने के प्रमाण मिलते हैं तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए।

## तबादला हुआ प्रभार नहीं बदला, राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल

### वर्षों से एक ही स्थान पर जमे कर्मचारी, भ्रष्टाचार और मनमानी के आरोपों से घिरा राजस्व विभाग, अब सख्त कार्रवाई की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाड़ा



जिले के तहसील कार्यालयों की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। आम नागरिकों के बीच यह धारणा लगातार मजबूत होती जा रही है कि राजस्व विभाग में बिना आर्थिक लेन-देन के कोई भी काम समय पर नहीं होता। नामांतरण, सीमांकन, खसरा-नक्शा, पावती, आय, जाति और निवास प्रमाण-पत्र जैसे सामान्य कार्यों के लिए भी लोगों को कार्यालयों के चक्कर काटने के साथ-साथ कथित रूप से रिश्वत देने के लिए मजबूर होना पड़ता है। सबसे गंभीर बात यह है कि यह व्यवस्था किसी एक तहसील तक सीमित नहीं, बल्कि जिले की अधिकांश तहसीलों में वर्षों से जड़ें जमा चुकी है।

सूत्रों के अनुसार तहसील कार्यालयों में दलालों का एक पूरा तंत्र सक्रिय है। आम नागरिक सीधे अधिकारी या पटवारी तक कम और दलालों के माध्यम से अधिक पहुंचते हैं। आरोप है कि कार्यालयों में बैठे कुछ बाबू, छोटे कर्मचारी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी इस कथित व्यवस्था की अहम कड़ी बने हुए हैं। यही कारण है कि भ्रष्टाचार की शिकायतें लगातार सामने आने के बावजूद व्यवस्था में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं देता।

सबसे बड़ा सवाल ट्रांसफर नीति पर खड़ा होता है। सरकार समय-समय पर तबादला नीति लागू करती है, लेकिन राजस्व विभाग में इसका असर जमीन पर नजर नहीं आता। जिले में कई पटवारी ऐसे हैं जो वर्षों से एक ही हल्के में जमे हुए हैं। स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद भी कई मामलों में कर्मचारी अपनी जगह छोड़ने को तैयार नहीं होते। हाल ही में खजरी हल्के के एक पटवारी का मामला चर्चा में रहा, जहां तबादले के बावजूद कार्यभार नहीं छोड़ने की बात सामने आई।

### केवल हल्का बदकर की जाती है औपचारिकता पूरी

जानकारों का कहना है कि लंबे समय तक एक ही क्षेत्र में जमे रहने से स्थानीय स्तर पर प्रभाव और नेटवर्क इतना मजबूत हो जाता है कि स्थानांतरण भी केवल कागजों तक सीमित रह जाता है। कई मामलों में विवादित कर्मचारियों को दूसरी तहसील भेजने के बजाय केवल हल्का बदलकर औपचारिकता पूरी कर दी जाती है। इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का उद्देश्य ही समाप्त हो जाता है। चर्चा यह भी है कि कुछ पटवारी शासन के आवश्यक प्रशिक्षण और तकनीकी दक्षता संबंधी मानकों को पूरा किए बिना ही वर्षों से संवेदनशील क्षेत्रों में पदस्थ हैं। वहीं कुछ कर्मचारी जिला मुख्यालय या उसके आसपास ही पदस्थ रहने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। ऐसे हालात में दूरस्थ क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों के साथ भी असमानता का भाव पैदा होता है। केवल पटवारी ही नहीं, बल्कि तहसील कार्यालयों में वर्षों से जमे बाबुओं की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। उनके विभागीय दायित्व तो बदल दिए जाते हैं, लेकिन उन्हें दूसरे कार्यालयों या तहसीलों में स्थानांतरित नहीं किया जाता। इससे कार्यालयों में एक स्थायी तंत्र विकसित हो जाता है, जो आम नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बनता है।

### एक ही स्थान पर जमे भूमाफिया के सहयोगी कर्मियों की हो निष्पक्ष जांच

यदि सरकार वास्तव में राजस्व विभाग को पारदर्शी और जवाबदेह बनाना चाहती है तो सबसे पहले तबादला नीति को पूरी ईमानदारी और सख्ती से लागू करना होगा। जिन कर्मचारियों के स्थानांतरण आदेश जारी हो चुके हैं, उन्हें तत्काल नई पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। साथ ही वर्षों से एक ही स्थान पर जमे पटवारियों और बाबुओं की निष्पक्ष समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। राजस्व विभाग आम नागरिक से सबसे अधिक जुड़ा हुआ विभाग है। यदि यहीं छोटे-छोटे कार्यों के लिए लोगों को कथित रूप से रिश्वत देनी पड़े और महीनों तक भटकना पड़े, तो शासन की पारदर्शिता और सुशासन के दावे स्वतः कमजोर पड़ जाते हैं। अब समय आ गया है कि जिला प्रशासन इस व्यवस्था की गहन समीक्षा करे और ऐसे तंत्र पर कठोर कार्रवाई करे जो राजस्व विभाग की साख को लगातार नुकसान पहुंचा रहा है। तभी आम नागरिक का विश्वास फिर से बहाल हो सकेगा।

## पुलिस ने नेहरिया अंडरग्राउंड कोल माइंस में युवाओं को नशे से सचेत रहने की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी



मध्यप्रदेश सरकार और छिंदवाड़ा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे राज्यव्यापी जन जागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 के तहत चौकी सिंगोड़ी थाना अमरवाड़ा पुलिस ने नेहरिया अंडरग्राउंड कोल माइंस में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। 18 जुलाई को पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डे और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के निर्देशन में यह कार्यक्रम किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आमजन को नशे के घातक परिणामों के प्रति सचेत कर एक नशामुक्त समाज का निर्माण करना है। कार्यक्रम में जमीन के अंदर कोयला उत्पादन में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों और कामगारों को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। सभी को जीवनभर नशा न करने और अपने परिवार को भी नशे से दूर रखने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अमरवाड़ा एसडीओपी श्रीमति कल्याणी वरकडे, सब एरिया मैनेजर चंद्रशेखर, चौकी प्रभारी सिंगोड़ी पंकज राय सहित चौकी स्टाफ उपस्थित रहा। अभियान 15 से 30 जुलाई तक पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है।

## नीट में सफलता पाने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भाजपा जिलाध्यक्ष ने दी बधाई

**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2026 में सफलता प्राप्त करने वाले तामिया के आदर्श एकलव्य आवासीय विद्यालय के चारों विद्यार्थियों तथा छिंदवाड़ा के प्रतिभाशाली छात्र निनाद शुक्ला को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने नीट में सफलता प्राप्त करने वाले आदर्श एकलव्य आवासीय विद्यालय, तामिया के विद्यार्थियों कपिल पिता जयकुमार सरेआम, ग्राम अतारिया-हर्रई, ऋतिका पिता उदलशाह अंगारिया, ग्राम कोटरा-परासिया, उमा पिता ब्रजलाल धुर्वे, ग्राम बांगाई-तामिया एवं संकिता पिता सुरेश अंगारिया, ग्राम भैंसखोह-हर्रई को विशेष रूप से बधाई दी।

### नकुलनाथ चार दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आएंगे

**छिन्दवाड़ा:** जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का चार दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आगमन होगा। आगमन उपरांत वे छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले में कांग्रेस संगठन द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के साथ ही अन्य आयोजनों में भी शिरकत करेंगे। पूर्व सांसद कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार नकुलनाथ का 21 जुलाई दिन मंगलवार को सांय 07 बजे नागपुर हवाई अड्डे पर आगमन होगा। आगमन उपरांत वे सड़क मार्ग द्वारा सौंसर पहुंचेंगे। सौंसर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होने के पश्चात रात्रि 10 बजे उनका कमलकुंज आगमन होगा। 22 जुलाई दिन बुधवार एवं 23 जुलाई दिन गुरूवार को नकुलनाथ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में उपस्थित होंगे।

### विद्यार्थियों को दिया स्वच्छता सहित नशे से दूरी का संदेश

**छिंदवाड़ा।** शनिवार के शुभ अवसर पर नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा द्वारा संचालित सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 43 स्थित ज्ञान गंगा स्कूल में स्वच्छता एवं नशा जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर श्री दीपक राज जैन, विशेष अतिथि सहायक यंत्री विवेक चौहान, पुलिस प्रशासन एवं यातायात विभाग के प्रतिनिधि तथा आई.ई.सी. स्वच्छता टीम के सदस्य उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का शाला के प्राचार्य डबली सर द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में विवेक चौहान ने विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ जीवन की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों को चार प्रकार के कचरे (गीला, सूखा, घरेलू खतरनाक एवं सैनिटरी अपशिष्ट) का पृथक्करण करने तथा घर और विद्यालय में स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

## शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले 3 होटल/दुकान संचालकों पर प्रकरण दर्ज

### अवैध आहातों पर आबकारी विभाग की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाड़ा

कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशन तथा सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में जिले में अवैध आहातों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 17 जुलाई 2026 को आबकारी वृत्त सौसर द्वारा कम्पोजिट मदिरा दुकान सौसर-ए के आसपास निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन कर रहे लोगों को समझाइश दी गई। साथ ही शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले अवैध होटल एवं दुकान संचालकों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 36(ए) के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 03 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।

इस कार्रवाई में वृत्त प्रभारी कु. भारती गोड, आबकारी आरक्षक जितेंद्र सिंह एवं उत्कर्ष ठाकरे की सक्रिय सहभागिता रही।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में तीन नई ब्रांच खोलने सांसद ने की पहल

**छिंदवाड़ा।** इंदिरा गांधी शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय छिंदवाड़ा में विद्यार्थियों को उच्च तकनीकी शिक्षा के अधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सांसद बंटी विवेक साहू ने महत्वपूर्ण पहल की है। सांसद ने महाविद्यालय में इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, सिविल तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग की नई ब्रांच प्रारंभ कराने, महाविद्यालय को एकलव्य पॉलिटेक्निक योजना में शामिल करने तथा परिसर में निर्मित एवं वर्तमान में बंद पड़े छात्रावासों को पुनः प्रारंभ कराने को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार एवं मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। सांसद बंटी विवेक साहू ने सांसद कार्यालय में इंदिरा गांधी शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आलोक यादव से चर्चा कर महाविद्यालय की वर्तमान स्थिति, संचालित ब्रांचों तथा भविष्य में किए जाने वाले विस्तार को लेकर विस्तृत समीक्षा की।

## नई कोयला खदान खुलने से गुलजार होगा कोयलांचल!

### सांसद ने डब्लूसीएल के जीएम और बीएमएस के पदाधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाड़ा



सांसद बंटी विवेक साहू ने पेंच और कन्हान क्षेत्र की कोयला खदाने प्रारंभ करने के लिए पहल की है। सांसद कार्यालय छिंदवाडा में सांसद बंटी विवेक साहू ने पेंच व कन्हान के जीएम विकास अग्रवाल और बीएमएस के प्रतिनिधि मंडल के साथ एक बैठक की। इस बैठक में सांसद ने कोयला खदानें को शीघ्र प्रारंभ करने के लिए जरूरी कदम उठाने पर चर्चा की।

उल्लेखनीय है कि सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर जहा खदानें खुलने से पेंच व कन्हान के कोयला उद्योग को नई गति मिलेगी वहीं कन्हान में खदानें खुलने से कामगारों, नागरिकों और व्यवसाय को लाभ होगा। जीएम और बीएमएस के प्रतिनिधिमंडल से चर्चा के बाद सांसद बंटी विवेक साहू ने कलेक्टर हरेन्द्र नारायण से भी चर्चा करते हुए विष्णुपुरी और उरधन कोयला खदानों के संचालन में आ रही कठिनाईयों को लेकर जीएम से चर्चा करते हुए शीघ्र कार्यवाही करने के लिए भी कहा। गौरतलब है कि विष्णुपुरी कोयला खदान के लिए कुकुरमुंडा गांव को विस्थापित करना होगा। वहीं उरधन ओपन कास्ट खदान के सेकेंड फेस के लिए किसानों का मामला लटका हुआ है। सांसद बंटी विवेक साहू ने जीएम को इस मामले के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए है।

सांसद बंटी विवेक साहू ने पेंच व कन्हान के जीएम विकास अग्रवाल को जहा मोआरी कोयला खदान को लेकर भी निर्देश दिए है वही इसके साथ नारायणी खदान के लिए जमीन अधिग्रहण के मामले को सुलझाने के लिए भी कहा है। सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर ये मामला सुलझने से एक और नई खदान शुरू होने के रास्ते खुल जाएंगे। विदित हो कि धनकशा नेहरिया क्षेत्र के कामगारों के बच्चों को पढने के लिए वर्तमान में लंबी दूरी तय करना होता है, इसके लिए डीएवी स्कूल खोलने के लंबित मामले के निराकरण के लिए सांसद बंटी विवेक साहू ने पेंच व कन्हान के जीएम विकास अग्रवाल को निर्देश दिए है।

## बारिश से किसानों के चेहरे खिले, मक्के की फसल को मिलेगा संजीवनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाड़ा

जिले में शनिवार को हुई बारिश ने किसानों को बड़ी राहत दी है। 18 जुलाई को सुबह 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान जिले में औसतन 5.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वहीं एक जून से अब तक जिले में कुल 300.8 मिमी औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

हालांकि यह पिछले वर्ष की समान अवधि में हुई 440.7 मिमी वर्षा से कम है, लेकिन हाल की बारिश ने खेतों में खड़ी मक्के की फसल के लिए संजीवनी का काम किया है।पिछले कुछ दिनों से पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई थी। मक्के की फसल को इस समय नमी की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। ऐसे में हुई बारिश से खेतों में नमी बढ़ी है, जिससे फसल की बढ़वार बेहतर होने की उम्मीद है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, यदि आने वाले दिनों में भी नियमित अंतराल पर अच्छी वर्षा होती रही तो मक्के के साथ-साथ सोयाबीन और अन्य खरीफ फसलों को भी लाभ मिलेगा।

जिले में सर्वाधिक 15 मिमी वर्षा चौरई तहसील में दर्ज की गई, जबकि तामिया में 6 मिमी, हर्रई में 9 मिमी और अमरवाड़ा में 10.2 मिमी वर्षा हुई। किसानों का कहना है कि समय पर हुई यह बारिश फसल के लिए बेहद लाभदायक साबित होगी और उत्पादन बढ़ने की उम्मीद जगी है। बारिश के बाद किसानों ने खेतों में कृषि कार्य भी तेज कर दिए हैं।

### तामिया में दिनदहाड़े धड़ल्ले से रेत चोरी, टीएल बैठक में लगातार सख्ती के निर्देश

# कलेक्टर के आदेश बेअसर, एनजीटी की रोक भी ध्वस्त!

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



तामिया तहसील में अवैध रेत उत्खनन पर प्रशासनिक सख्ती के तमाम दावों के बावजूद हालात लगातार बिगड़ते नजर आ रहे हैं। कलेक्टर द्वारा प्रत्येक टीएल बैठक में खनिज, राजस्व, वन एवं परिवहन विभाग को रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए जाते रहे हैं। हाल ही में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में भी सभी तहसीलदारों को रेत चोरी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन पांच दिन बीतने के बाद भी तामिया क्षेत्र में कोई ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दी। उलटे अब दिन के उजाले में रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन खुलेआम होने लगा है, जिसे कलेक्टर के निर्देशों की खुली अवहेलना माना जा रहा है।

### एनजीटी की रोक भी नहीं रोक पाई रेत माफिया

वर्तमान में जलचर जीवों के प्रजनन काल को देखते हुए एनजीटी के निर्देशानुसार वैध रेत खदानों से भी उत्खनन प्रतिबंधित है। इसके बावजूद तामिया की नदियों से लगातार रेत निकाली जा रही है। इससे यह सवाल उठ रहा है कि आखिर प्रशासनिक आदेश और पर्यावरण संरक्षण के नियम किसके लिए हैं।

### एसडीएम का आदेश भी साबित हुआ बेअसर

लगातार मिल रही शिकायतों के बाद अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जुन्नारदेव ने पत्र क्रमांक 1455 के तहत कुआं बादला तिराहे पर खनिज, वन और परिवहन विभाग के कर्मचारियों की समयबद्ध ड्यूटी लगाने के लिखित आदेश जारी किए थे। लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह आदेश कागजों से बाहर नहीं निकल पाया और धरातल पर कोई प्रभावी निगरानी नहीं हुई।

### पैसे लेकर वाहन छोड़ने के आरोप पहले भी लगे

कुआं बादला क्षेत्र में रेत चोरी को लेकर वन एवं राजस्व विभाग के कुछ कर्मचारियों पर अवैध वसूली और कार्रवाई के नाम पर वाहन छोड़ने के आरोप पहले भी लग चुके हैं। शिकायतें वन संरक्षक कार्यालय तक पहुंचीं, जिसके बाद दो नाकेदारों का तबादला भी किया गया था।वहीं 19 मई की रात गोंद्रा नदी में राजस्व विभाग की टीम ने रेत से भरे सात वाहन पकड़े थे। उस दौरान कथित रूप से पैसे लेने और नगदी नहीं होने पर ऑनलाइन भुगतान कराने का वीडियो भी वायरल हुआ था। हालांकि मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के आरोप लगते रहे।

### हरिभूमि लगातार उठा रहा मुद्दा

तामिया क्षेत्र में रेत चोरी को लेकर हरिभूमि लगातार तथ्यात्मक और तस्वीरों सहित खबरें प्रकाशित करता रहा है। इसके बावजूद यदि प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होती है, तो कलेक्टर के निर्देश, एनजीटी की रोक और एसडीएम के लिखित आदेशों की अनदेखी के आरोप और भी मजबूत होते नजर आते हैं।

# गुरूपूर्णिमा पर जामसांवली में उमड़ेगा आस्था का सैलाब

## तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना, जमकर चल रही तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर 'हनुमान लोक' जामसांवली में आगामी गुरू पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। इस वर्ष पर्व के दौरान 3 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, जिसे देखते हुए मंदिर संस्थान ने व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करनी शुरू कर दी हैं।शनिवार को मंदिर संस्थान के सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। संस्थान अध्यक्ष गोपाल शर्मा, सचिव टीकाराम कारोकार सहित अन्य पदाधिकारियों और सीईओ वीरेन्द्र भट्ट की मौजूदगी में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा पर चर्चा की गई। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाएं, पेयजल, वाटर-प्रूफ पंडाल, स्वच्छता और विशाल भंडारे के आयोजन को लेकर



कार्ययोजना तैयार की गई। गुरू पूर्णिमा महोत्सव दो दिनों तक मनाया जाएगा,जिसमे 28 जुलाई (पूर्व संध्या पर प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा भक्तिमय संगीत कार्यक्रम, भगवान हनुमान का विशेष अभिषेक, पूजा, महाआरती और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया की आयोजन को लेकरसुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के तहत, मंदिर परिसर में अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाएगी ताकि दर्शन व्यवस्था सुचारू बनाई जा रही है।




### रेलवे स्टेशन तक मंदिर तक होंगे बसों की व्यवस्था

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए संस्थान ने एक विशेष पहल की है। सौसर रेलवे स्टेशन से मंदिर के प्रवेश द्वार तक आने-जाने के लिए श्रद्धालुओं को निशुल्क परिवहन सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे दूर-दराज से ट्रेन से आने वाले भक्तों को काफी राहत मिलेगी श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मंदिर समिति प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए जिला प्रशासन से भी समन्वय किया जा रहा है, ताकि आने वाले लाखों भक्तों को कोई असुविधा न हो।

# आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 खजरी में दी पढाई के साथ खेल सामग्री



**छिंदवाड़ा।** आंगनबाड़ी केंद्रों क्रमांक 1 खजरी मे अध्ययन रत बच्चों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं , सीमित संसाधनो के साथ शिक्षा देने का प्रयास करता हे । केंद्र की पर्यवेक्षक शबनम मंसूरी ने बताया की शासन की मंशाअनुसार केंद्र मे अधिक से अधिक बच्चे अपनी उपस्थिति दे ओर उतकृष्ट शिक्षा खेल खेल मे सीखे इस हेतु समाजसेवियो सामाजिक संस्थाओं ,स्वयं सेवी संस्थाओं से जरूरत मंद सामग्री देने अपील की जाती हे ओर सहयोग लिया जाता हे । इस अपील को स्वीकार कर स्थानीय सर्मथ कालोनी के रेहवासियो के द्वारा तीन सीलिंग फेन चटाई,पजल्स,क्रिकेट किट,हाथी गाड़ी, घोड़ा गाड़ी, फुटबॉल, ट्यूब लाईट, एबीसी किट, सी सा स्लाईडर, सहित खेलकूद सामग्री शिक्षण सामग्री, सहित अन्य महत्वपूर्ण सामग्री जिसकी कीमत लगभग दस हजार की आंकी हे ।जिसे पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे ,कालोनी वालो का यह यह प्रयास सराहनीय योग्य है । सामग्री प्रदान करने पर उपस्थित समाजसेवी श्यामल राव पर्यवेक्षक शबनम मंसूरी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भावना साहू ने रितेश पांडे ओर अखिलेश मेंडे सहित सर्मथ कालोनी वासियो का आभार व्यक्त किया है।

## सम्पवेल का पैनल जला एक हफ्ते से सप्लाई बाधित

**परासिया :** खिरासडोह में स्तिथ सम्पवेल 75 हार्सपावर की मोटर का पैनल जल गया है । जिसके चलते पिपरिया रोड सहित आस पास के वार्डों में जिसमें वार्ड क्रमांक 4 , 10 , 14 की सहित परासिया टंकी को पानी सप्लाई नहीं हो पा रहा है । वहीं स्कूलों में , थाने सहित पिपरिया रोड पर लगे सार्वजनिक नल भी बंद हो गए । क्योंकि खिरसाडोह के विभिन्न बोरों से पानी सम्पवेल में इकट्ठा करके शहर में टंकी और वार्डों में भेजा जाता है । पैनल जलने के बाद से अबतक इसकी सुध किसी ने नहीं ली । सब एक दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे और जनता भरी बरसात में पानी के लिए परेशान हो रही है । इस मामले में नेताप्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह ने कहा , कि भाजपा की परिषद को आमजनों के दुःख तकलीफों से कोई लेना - देना नहीं है , तभी तो एक पैनल को सुधारने में आज 4 दिनों से ज्यादा हो गए और आज दिनांक तक भी पैनल नहीं सुधर पाया है उन्होंने इसको लेकर उच्च अधिकारियों को शिकायत की है ।

## गेट मीटिंग के दौरान प्रबंधन के खिलाफ हुई नारेबाजी

**परासिया:** मोआरी 2 सियाल घोघरी भूमिगत कोयला खदान में प्रबंधन के अड़ियल रवैए को लेकर इंटक ने गेट मिटींग ली । इस दौरान प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारे बाजी की गई । बता दें , कि उक्त कोयला खदान रिलायंस कोल कारपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा चलाई जा रही है । यहां कार्यरत कामगार पिछले कुछ समय से खदान प्रबंधन के द्वारा सुरक्षा में लापरवाही, खदान के W 2 और W 11 पेनल में बेहद गर्मी के चलते चक्कर आने , उल्टियां होने की शिकायत कर रहे है । जिसको लेकर श्रमिक संगठन के नेता बीते दिनों खदान का निरिक्षण करने पहुंचे थे , लेकिन प्रबंधन ने निरिक्षण नहीं करने दिया । जिसकी खान सुरक्षा निदेशक से शिकायत भी की गई । शनिवार 18 जुलाई को खदान की टेक्निकल माइन कारपोरेशन (TMC) के लोग और इंटक नेताओं ने खदान में गेट मीटिंग की । जिसमें महामंत्री भगवान दीन यादव , मदन जंघेला , मनोज तिवारी , साबिर खान , मो. कय्यूम मोआरी 2 के इंटक शाखा के अध्यक्ष मनीष पवार , कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश पवार एवं मोआरी 2 TMC के कामगार उपस्थित थे ।



# 58 छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिलें, शिक्षा के प्रति किया प्रेरित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

शासकीय वीरांगना रानी अवन्ति बाई कन्या उ . मा.विद्यालय परिसर चौरई में शनिवार को निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत कक्षा 9वीं की 58 छात्राओं को शासन की योजना के अंतर्गत निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक व पूर्व विधायक एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पूर्णिमा शरद जैन, जनपद पंचायत अध्यक्ष सरोज रघुवंशी, भाजपा जिला मंत्री नीलू निर्मलकर एवं कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष तीरथ ठाकुर उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्राओं को साइकिलें वितरित कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।अपने संबोधन में नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा शरद जैन ने कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र के विकास का सबसे मजबूत आधार है। शासन की विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों की छात्राओं को शिक्षा से जोड़ना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने छात्राओं से नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया।भाजपा जिला मंत्री नीलू निर्मलकर ने कहा कि साइकिल योजना से छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा और विद्यालय आने-जाने में होने वाली कठिनाइयां कम होंगी।

# गौ तस्करी पर विश्व हिंदू परिषद, सकल हिंदू समाज ने उठाई आवाज, एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

सौसर तहसील में बढ़ती गौ तस्करी की घटनाओं को लेकर स्थानीय सामाजिक संगठनों में भारी आक्रोश है। इस संबंध में विश्व हिंदू परिषद और सकल हिंदू समाज ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में हो रही गौ तस्करी पर तत्काल प्रभाव से अंकुश लगाने की मांग की है।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक को शो पर ज्ञापन में गोरक्षकों के द्वारा सौसर तहसील से बड़े पैमाने पर गोवंश को महाराष्ट्र के कत्लखानों में भेजा जा रहा है।मोहगांव बैल बाजार में कलेक्टर द्वारा अनिवार्य की गई डिजिटल प्रक्रिया (पशु सेतु ऐप) का पूरी तरह से पालन नहीं किया जा रहा है। पूर्व में मोहगांव बैल बाजार वर्षा ऋतु में बंद रहता था, लेकिन वर्तमान में यह हर मंगलवार संचालित हो रहा है, जहाँ किसानों से अधिक गौ तस्करी में लिप्त लोगों की संख्या देखी जा रही है। संगठनों ने आरोप लगाया है कि 16 जुलाई को मोहगांव-कोपरावाड़ी मार्ग पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा पकड़े गए चार बैलों के मामले में पुलिस ने कठोर कार्रवाई नहीं की। कार्यकर्ताओं का कहना है कि गौ-वध अधिनियम की धाराओं के बजाय केवल धारा 170 के तहत मामला दर्ज किया गया, जिससे गौ तस्करी में लिप्त लोगों के हौसले बढ़ रहे हैं और जनहित में कार्य करने वाले संगठनों का मनोबल प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन के माध्यम से पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया गया है कि वे इस मामले को गंभीरता से लें और क्षेत्र में गौ तस्करी को जड़ से खत्म करने के लिए ठोस और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल बना रहे।



## अबेकस प्रतियोगिता में सृष्टि ने हासिल किया प्रथम स्थान




**सौसर।** शहर की होनहार बेटी ने अपनी बुद्धिमत्ता और कड़ी मेहनत के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर सौसर का नाम गौरवान्वित किया है। नागपुर में आयोजित 'प्रोएक्टिव अबेकस नेशनल प्रतियोगिता' में कक्षा 8वीं की छात्रा सृष्टि देव ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए प्रथम रैंक हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ ही सृष्टि ने साबित कर दिया है कि सही मार्गदर्शन और एकाग्रता से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।सृष्टि देव, जिनके पिता का नाम श्री शशांक शेखर देव और माता का नाम श्रीमती ज्योति प्रिया है, ने प्रतियोगिता की 'कैटेगरी-जी' में अपना कौशल प्रदर्शित किया। कठिन प्रतिस्पर्धा के बावजूद सृष्टि ने अपनी तीव्र गणना क्षमता और सटीकता के बल पर पहला स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।सृष्टि की इस शानदार कामयाबी पर उनके माता-पिता ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनकी बेटी की निरंतर मेहनत और अबेकस के प्रति उसके समर्पण का परिणाम है।

## छात्रों को बताया - नशा परिवार और समाज दोनों का करता है नाश

# नशे से दूरी है जरूरी अभियान: रूपझर पुलिस ने स्कूल में चलाया जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज उकवा।




मध्य प्रदेश शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी जनजागरूकता अभियान के तहत बालाघाट जिले की रूपझर थाना पुलिस ने गुरुवार को जिले के हायर सेकेंडरी स्कूल में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उन्हें नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था।जिले में यह कार्यक्रम कार्यक्रम बालाघर जिले के पुलिस अधीक्षक माननीय श्री आदित्य मिश्रा*के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक *श्री नितेश भार्गव*के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी *श्री कमलेश धूमकेतू द्वारा एवं सहयोगी स्टाफ द्वारा किया गया थाना प्रभारी धूमकेती ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में नशा सबसे बड़ा खतरा बनकर उभरा है। उन्होंने बहुत सरल शब्दों में समझाया - नशा शब्द में अगर एक मात्रा का फर्क कर दें तो वह नाश बन जाता है। नशा केवल एक व्यक्ति का जीवन खराब नहीं करता, बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बाद कर देता है। इसलिए हर नागरिक को इसके खिलाफ आवाज उठानी होगी।यह अभियान सिर्फ पुलिस का नहीं है। यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। अगर युवा नशे से दूर रहेंगे तो प्रदेश और देश का भविष्य सुरक्षित होगा। थाना प्रभारी श्री कमलेश धूमकेतू ने छात्रों को नशे से जुड़े कानूनी पहलुओं की जानकारी दी और बताया कि नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है।

कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन और सामाजिक संस्थाओं ने भी सहयोग किया। कार्यक्रम में हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य राजेंद्र भटेरे , सहायक प्राचार्य कपिल मिश्रा, और सामाजिक कार्यकर्ता जेम्स बारिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। पुलिस विभाग से कुमारी माही मेरावी, मेघा मरकाम, जावेद मरस्कोले, मुकेश टेंभरे सहित अन्य पुलिसकर्मी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# किसानों की अनदेखी पर फूटा कांग्रेस का आक्रोश, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

## पांच प्रमुख मांगों पर तत्काल कार्रवाई की मांग, समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज लाँजी ।

लांजी क्षेत्र के किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस ने शनिवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लांजी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष माणिकलाल पांचे के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में किसानों की आर्थिक बदहाली, प्रशासनिक उदासीनता और सरकार द्वारा किए गए वादों के अधूरे रहने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए तत्काल प्रभाव से ठोस कार्रवाई की मांग की गई। वहीं उन्होने चेतावनी दी गई कि यदि किसानों की न्यायोचित मांगों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो किसान कांग्रेस एवं किसान संगठन उग्र जन-आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

ज्ञापन में बताया गया कि 7 जून से 15 जुलाई 2026 के बीच क्षेत्र के किसानों द्वारा लगाए गए धान के रोपे लगातार हुई अतिवृष्टि और खेतों में जलभराव के कारण सड़कर नष्ट हो गए हैं। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। किसान कांग्रेस ने मांग की कि प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल निष्पक्ष सर्वे कराया जाए और पात्र किसानों को शीघ्र उचित मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा वर्ष 2025-26 में अतिवृष्टि एवं कीट प्रकोप से नष्ट हुई फसलों का सर्वे होने के बावजूद अब तक किसानों को राहत राशि नहीं मिलने पर भी नाराजगी जताई गई तथा लंबित मुआवजे का तत्काल भुगतान करने की मांग उठाई गई। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान में ई-टोकन व्यवस्था की खामियों और रासायनिक खाद की कमी के कारण किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे खेती का कार्य प्रभावित हो रहा है। किसान कांग्रेस ने पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने तथा ई-टोकन व्यवस्था को सरल एवं पारदर्शी बनाने की मांग की। साथ ही वर्ष 2023-24 के धान समर्थन मूल्य और चुनावी घोषणा के अनुरूप 3,100 रुपये प्रति क्विंटल का लाभ किसानों को नहीं मिलने तथा 900 रुपये प्रति क्विंटल बोनस का भुगतान लंबित होने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। ज्ञापन में सरकार से किसानों का बकाया बोनस एवं समर्थन मूल्य का अंतर तत्काल भुगतान करने की मांग की गई।


# मारपीट करने वालो को सश्रम कारावास

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** न्यायालय श्रीमति अंकिता जैन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी वारासिवनी ने न्यायालयीन प्रकरण क्रं. 738/2020 आरक्षी केन्द्र खैरलांजी जिला बालाघाट (म.प्र.) के अपराध क्र. 249/2020 में अभियुक्तगण ज्ञानीराम पिता सोमाजी लिल्हारे उम्र 55 वर्ष व बलीराम पिता सोमाजी लिल्हारे उम्र 50 वर्ष दोनों निवासी वार्ड नं. 02 खैरलांजी थाना खैरलांजी को धारा 325/34 भा.द.सं. के अपराध में 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500-500/- रूपये (पाँच-पाँच सौ रूपये) के अर्थदण्ड से दंडित किया गया एवं अर्थदण्ड के व्यतिक्रम में अभियुक्तगण को 10 दिवस का सश्रम कारावास पृथक से भुगताया जाने का आदेश पारित किया गया। सहायक निदेशक कपिल कुमार डेहरिया के कुशल मार्गदर्शन में अभियोजन की ओर से पैरवी प्रणव राजनेगी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी वारासिवनी द्वारा की गई। घटना के बारे में प्रणव राजनेगी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी वारासिवनी ने बताया कि दिनांक 26.08.2020 को आहत अपना मोबाईल सुधारने खैरलांजी में मोबाईल की दुकान गया था, मोबाईल न बनने पर वापस हो रहा था। उसी समय ज्ञानीराम लिल्हारे पुरानी रंजिश को लेकर माँ-बहन की गंदी-गंदी गालियों देने लगा । गालियों देने से मना करने पर ज्ञानीराम ने हाथ मुक्के से मारपीट की, उसी समय बलीराम आया और वह भी उसे माँ-बहन की गंदी-गंदी गालियों देने लगा और लकड़ी से मारा, जिससे उसके दोनों पैर, सीने, बाएँ कमर, दोनों पंजे, उंगली में चोटें आई। दोनों अभियुक्तगण ने उसे जान से खत्म करने की धमकी दी थी। पुलिस थाना खैरलांजी द्वारा प्रकरण में आवश्यक विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था । माननीय न्यायालय ने प्रस्तुत साक्ष्य एवं तथ्यों पर विश्वास करते हुए अभियुक्त को उपरोक्त दण्ड से दण्डादिष्ट किया गया।

# शिक्षा का मंदिर बना मौत का घर : जर्जर छत के नीचे पढ़ने को मजबूर 374 बच्चे

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले के विकासखंड कटंगी के ग्राम बम्हनी में संचालित शासकीय बावनथड़ी गुरूकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आज उस दौर से गुजर रहा है जहां बच्चों की सुरक्षा से ज्यादा फाइलों की जांच जरूरी हो गई है। गत सोमवार को स्कूल की जर्जर छत से प्लास्टर गिरने से दो छात्राएं घायल हुईं। हादसे को 5 दिन बीत गए लेकिन मरम्मत दूर, स्कूल की हालत पूछने तक कोई नहीं आया। नतीजा- 374 बच्चे और उनके अभिभावक हर दिन डर के साए में जीने को मजबूर हैं। यही हाल विकासखंड कटंगी के दूसरे निकायाधीन स्कूल महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टेकाड़ी का भी है। दोनों स्कूल 23 साल से सरकारी अनुदान, शिक्षक और बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। वजह साफ है-साल 2002 में निकायाधीन किए गए इन स्कूलों में हुए करोड़ों के वेतन घोटाले की फाइलें अब लोकायुक्त के पास हैं। जांच के नाम पर सरकार ने हाथ खड़े कर दिए और बीच में फंस गए मासूम छात्र। घटना 14 जुलाई सोमवार की है। गुरूकुल स्कूल में रोज की तरह क्लास चल रही थी। अचानक कक्षा की छत से प्लास्टर का एक बड़ा हिस्सा टूटकर नीचे गिर पड़ा। इसकी चपेट में कक्षा 9 की छात्रा धनश्री चिंदालोरे और दिव्या शनिचरे आ गई दोनों को सिर में चोटें आई। स्कूल स्टाफ ने आनन-फानन में दोनों को प्राथमिक उपचार दिलाया। गनीमत रही कि कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई। लेकिन हादसे के बाद जो तस्वीर सामने आई उसने सबको हिला दिया।





**1977 का प्राइवेट स्कूल, 2002 में बना सरकारी बोझः** बावनथड़ी गुरूकुल स्कूल की शुरुआत 1977 में एक प्राइवेट संस्था के तौर पर हुई थी। गांव के लोगों के सहयोग से बना यह स्कूल धीरे-धीरे क्षेत्र का नामी स्कूल बन गया। 2002 में तत्कालीन सरकार ने इसे निकायाधीन करते हुए शासन के अधीन ले लिया। यानी स्कूल का संचालन अब नगर पालिका/जनपद के नियंत्रण में चला गया। सरकार ने वादा किया था कि निकायाधीन होने के बाद शिक्षकों को नियमित वेतन, स्कूल को अनुदान और आधारभूत सुविधाएं मिलेंगी। लेकिन हुआ उल्टा। विकासखंड कटंगी में ऐसे सिर्फ 2 स्कूल हैं बावनथड़ी गुरूकुल बम्हनी और महात्मा गांधी स्कूल टेकाड़ी। दोनों की हालत एक जैसी है।

**374 बच्चों पर सिर्फ 5 सरकारी शिक्षकः** शासकीय बावनथड़ी गुरूकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज सबसे बड़ा संकट स्टाफ का है। स्कूल में नर्सरी से 12वीं तक 374 बच्चे पढ़ते हैं। लेकिन शासकीय शिक्षक सिर्फ 5 हैं। प्राथमिक कक्षा यानी कक्षा 1 से 5 के लिए 3 शिक्षक है। माध्यमिक और हाईस्कूल में एक भी शिक्षक नहीं है। हायर सेकेण्डरी में 2 शिक्षक पदस्थ है। बाकी 13 शिक्षक प्राईवेट हैं। इन्हें स्कूल प्रबंधन विद्यार्थियों से फीस लेकर महज 4 से 5 हजार रुपए महीना देता है। न पीएफ, न कोई सुरक्षा। नतीजा ये है कि विज्ञान, गणित, अंग्रेजी जैसे विषयों की पढ़ाई या तो होती ही नहीं या फिर 1 शिक्षक 3-3 विषय पढ़ाता है। दो साल पहले दबाव में यहां नर्सरी की कक्षाएं भी शुरू कर दी गईं। अब स्कूल दो पालियों में चलता है।

**लोकायुक्त की जांच और निकायाधीन घोटालाः** अब बात करते हैं उस कारण की जिसकी वजह से सरकार और शिक्षा विभाग ने इन दोनों स्कूलों से मुंह मोड़ लिया है। साल 2002 में जब इन स्कूलों को निकायाधीन किया गया तब तत्कालीन अधिकारियों ने निजी स्कूलों के शिक्षकों को सरकारी शिक्षक बताकर करोड़ों का वेतन, एरियर और प्रमोशन का लाभ दिलवा दिया। कागजों पर दिखाया गया कि ये सरकारी स्कूल हैं और यहां पदस्थ शिक्षक भी सरकारी हैं। मामला तब खुला तो शिक्षा विभाग ने इसकी जांच संयुक्त संचालक स्तर पर कराई। जांच रिपोर्ट में करोड़ों की रिकवरी की सिफारिश की गई। फाइल सीधे लोकायुक्त को भेज दी गई। जांच के दायरे में तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, संकुल प्राचार्य और जनपद पंचायत के तत्कालीन सीईओ की भूमिका संदिग्ध है। आरोप है कि अधिकारियों और स्कूल प्रबंधन की मिलीभगत से यह घोटाला किया गया। लोकायुक्त की जांच शुरू होते ही सरकार ने इन दोनों स्कूलों को विवादित घोषित कर दिया। न अनुदान, न नए शिक्षक, न भवन मरम्मत। फंड रोक दिया गया।

**महात्मा गांधी स्कूल टेकाड़ी वही कहानी, दूसरा पताः** टेकाड़ी का महात्मा गांधी स्कूल भी निकायाधीन है। वहां भी शिक्षकों की भारी कमी और भवन जर्जर है। वहां के प्राचार्य ने भी बताया कि पिछले 3 साल से मरम्मत के लिए पत्र लिख रहे हैं लेकिन जवाब नहीं आया। दोनों स्कूल आज इस स्थिति में हैं कि न पूरी तरह सरकारी हैं न पूरी तरह निजी। सरकारी तंत्र इन्हें अपना नहीं रहा और निजी प्रबंधन के पास संसाधन नहीं। बहरहाल, सवाल यही है जो जवाब मांगते है क्या एक जांच के नाम पर सैकड़ों बच्चों की जान जोखिम में डाली जा सकती है? अगर स्कूल निकायाधीन है तो उसकी बिल्डिंग की जिम्मेदारी किसकी है- शिक्षा विभाग की या ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होने पर जनपद पंचायत की? जानकार बताते है। लोकायुक्त की जांच जरूरी है, घोटाले की रिकवरी भी जरूरी है। लेकिन उससे भी जरूरी है 374 बच्चों की जान। सरकार को तत्काल अंतरिम फंड जारी कर स्कूल की मरम्मत करानी चाहिए और वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए।

## कीटनाशक का सेवन करने से एक शख्स की मौत

**कटंगी।** कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुनी के करनुटोला में शुक्रवार शाम एक दुखद घटना सामने आई। यहां दो बच्चों के पिता ने कीटनाशक का सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। प्राथमिक दृष्टि से यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार करनुटोला निवासी विजय बिसेन ने शुक्रवार 18 जुलाई को शाम करीब साढ़े 5 बजे घर में कीटनाशक का सेवन कर लिया। परिजनों को जानकारी लगते ही उसे तत्काल उपचार के लिए नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने उसका इलाज शुरू किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण विजय की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कटंगी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शनिवार 18 जुलाई को सुबह 11 बजे पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## खबर संक्षेप



### सर्पदंश से 8 वर्षीय बालक की हुई मौत परिवार में पसरा मातम,

**हरिभूमि न्यूज छपारा** - शनिवार 18 जुलाई को अलसुबह लगभग चार बजे विकासखंड के ग्राम जोगीवाडा से एक बेहद दुखी करने वाले हादसे की जानकारी सामने आई जहां एक कक्षा दूसरी में पढ़ने वाले बच्चे को सर्प दंश हुआ और उसकी असमय मृत्यु हो गई मिली जानकारी के अनुसार नगर से लगभग 6 किलोमीटर दूर ग्राम जोगीवाडा में शनिवार सुबह लगभग 4 बजे अर्जित परते पिता अनिल परते घर के सामने वाले कमरे में परिवार के सदस्यों के साथ सो रहा था उसी दौरान घर में घुसे सर्प ने बालक को काटा जिसके जानकारी बालक ने परिवार को बताई वहीं लगभग 6:30 बजे परिजनों ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे जहां जांच कर चिकित्सकों ने बालक को मृत घोषित कर दिया परिवार सदस्यों ने बताया कि वह घर के सामने वाले घर में नीचे बिस्तर बिछा कर सो रहे थे और यह हादसा हुआ अर्जित उनकी इकलौती संतान थी और परिवार पर यह दुख का पहाड़ टूट गया। सुबह बालक के शव का पोस्टमार्टम करने के पश्चात परिवार को सौंप दिया गया। वर्तमान में बारिश का मौसम चल रहा और प्रशासन द्वारा सर्प दंश होने पर व्यक्ति को जल्द से जल्द स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया जाकर सर्प दंश से बचाव हेतु एंटी वेनम इंजेक्शन दिए जाने को लेकर सभी आमजनों से अपील की गई है वहीं जमीन कि जगह उंचाई वाले स्थान पलंग पर ही सोएं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते सलाह दी गई है।

### कुएं में गिरे सांड का हुआ रेस्क्यू नगर परिषद छपारा की टीम ने सफलतापूर्वक निकाला फंसे मवेशी को बाहर



**हरिभूमि न्यूज छपारा** - बेहद मुश्किल खतरनाक लेकिन मानवीय संवेदना से भरी खबर सामने आई है जहां सूचना पर नगर परिषद छपारा के बचाव दल ने जेसीबी मशीन और अपनी सूझ-बूझ का परिचय देते हुए कुएं में गिरे भारी-भरकम एक सांड को सुरक्षित बाहर निकालने में सफल हो गए घटना नगर के फार्म हाउस क्षेत्र की है जहां खेत पर बने कुएं में आवारा मवेशी गिर कर फस गया उक्त घटना 18 जुलाई शनिवार की सुबह लगभग साढ़े आठ बजे हुई जिसकी सूचना नगर परिषद छपारा को दी गई और मौके पर पहुंच बचाव हेतु टीम में पहुंचे सुभाष यादव कमल सूर्यवंशी और रविंद्र पटेल सहित फार्म हाउस के कर्मचारियों ने कुएं में फंसे हुए मवेशी को बाहर निकालने की मुहिम चलाई लगभग डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत और खराब मौसम होने के बाबजूद सुरक्षित बाहर निकालने में सफल हुए ।

# प्रशांत गैस एजेंसी का बड़ा खेल: सिवनी मुख्य गोदाम में स्टॉक फुल, फिर भी 6-6 महीने से गैस सिलेंडर के लिए तरस रही खैरा पलारी की जनता!

### संदेह के घेरे में पलारी का आनंद अवधिया: क्या एजेंसी के साथ मिलकर चल रहा है कालाबाजारी का सिंडिकेट जिला प्रशासन तुरंत करे उच्च स्तरीय जांच!

**संवाददाता। कैलाश लाहौरी। खैरा पलारी/सिवनी।** केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी उज्ज्वला योजना को जमीनी स्तर पर किस कदर पलीता लगाया जा रहा है, इसका एक सनसनीखेज और आंखें खोल देने वाला मामला सिवनी जिले के खैरा पलारी क्षेत्र में सामने आया है। यहाँ प्रशांत भारत गैस एजेंसी की मनमानी और वितरण प्रणाली में भारी लापरवाही के कारण ग्रामीण क्षेत्र के गरीब उपभोक्ता पिछले 6-6 महीनों से खाली सिलेंडर लेकर भटकने को मजबूर हैं। सरकार का उद्देश्य गरीबों को धुएं से मुक्ति दिलाना था, लेकिन एजेंसी के लचर रवैए के कारण ग्रामीण आज भी चूल्हा-लकड़ी जलाने पर विवश हैं।

### 45 दिनों में सिर्फ 595 सिलेंडर; पूर्ति पर बड़ा सवाल

दैनिक हरिभूमि की खोजी पड़ताल में वितरण का एक ऐसा गणित सामने आया है जो सीधे तौर पर एक बड़े सिंडिकेट की ओर इशारा करता है। खैरा पलारी और उसके आसपास के पूरे बेल्ट में अनुमानित 2,000 से 2,500 गैस कनेक्शन हैं। लेकिन इसके विपरीत, एजेंसी द्वारा यहाँ हफ्ते में महज 85 सिलेंडर ही भेजे जा रहे हैं। इस मान से 45 दिनों में सिर्फ 595 सिलेंडरों की ही सप्लाई क्षेत्र में की गई। अब सबसे बड़ा यक्ष प्रश्न यह उठता है कि जहाँ 2500 परिवारों की जरूरत हो, वहाँ महज 595 सिलेंडरों से पूर्ति कैसे संभव है? आखिर बाकी के करीब 2000 परिवारों को उनके हक की गैस क्यों नहीं मिल पा रही है?

### स्टॉक फुल तो सप्लाई गुल क्यों? कालाबाजारी की प्रबल आशंका!

इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाला विरोधाभास तब सामने आया जब गैस एजेंसी के

### आंकड़ों में भारी झोल: 2500 कनेक्शनों पर 45 दिन में सिर्फ 595 सिलेंडरों की किश्त; दैनिक हरिभूमि का सवाल—कहाँ गायब हो रही बाकी गैस?




जिम्मेदार कर्मचारियों ने कैमरे और ऑन-रिकॉर्ड यह स्वीकार किया कि सिवनी स्थित मुख्य कार्यालय में रसोई गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। पत्रकारिता के दृष्टिकोण से यहाँ सबसे गंभीर सवाल यह खड़ा होता है कि यदि कंपनी के पास स्टॉक की कोई कमी नहीं है, तो फिर पलारी बेल्ट में सिलेंडरों की इतनी भारी किल्लत क्यों पैदा की गई है? उपभोक्ताओं का सीधा आरोप है कि वैध कनेक्शनधारियों के हिस्से की गैस को ऊंचे दामों पर व्यावसायिक उपयोग (होटलों और अन्य कमर्शियल सेंटरों) के लिए ब्लैक मार्केट में खपाया जा रहा है।

### संदेह के घेरे में आनंद अवधिया; रसीद से ज्यादा की अवैध वसूली

ग्रामीणों से बातचीत के दौरान पलारी के एक स्थानीय निवासी आनंद अवधिया का नाम प्रमुखता से उभर कर सामने आया है। क्षेत्र में यह चर्चा आम है कि गैस वितरण की पूरी कमान अनौपचारिक रूप से इसी व्यक्ति के हाथ में है। अब जिला प्रशासन और खाद्य विभाग को इस बिंदु पर गहन जांच करनी होगी कि क्या आनंद अवधिया प्रशांत भारत गैस एजेंसी का कोई अधिकृत या प्रमाणित कर्मचारी है?

यदि वह अधिकृत कर्मचारी नहीं है, तो गैस एजेंसी और उसके बीच पर्दे के पीछे कौन सी कमर्शियल सेटिंग चल रही है, जिसके दम पर वह ब्लैक में सिलेंडर बेच रहा है? उपभोक्ताओं के मोबाइल पर आ रहे संदेशों में गैस की कीमत ?966 दर्शाई जा रही है, परंतु मौके पर उपभोक्ताओं से ?1,030 वसूले जा रहे हैं। रसीद से अधिक की जा रही यह अवैध वसूली किसकी जेब में जा रही है?

### जिला प्रशासन को सचेत होने की जरूरत (हरिभूमि व्यू)

यह मामला सीधे तौर पर जनहित और गरीबों के अधिकारों के हनन से जुड़ा हुआ है। दैनिक हरिभूमि इस गंभीर मुद्दे पर सिवनी जिला कलेक्टर एवं खाद्य आपूर्ति विभाग का ध्यान आकर्षित करते हुए त्वरित और दंडात्मक कार्रवाई की मांग करता है। इस बात की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए कि गोदाम में पर्याप्त स्टॉक होने के बावजूद खैरा पलारी की जनता को महीनों तक इंतजार क्यों कराया जा रहा है और इस कथित कालाबाजारी के पीछे असली मास्टरमाइंड कौन हैं। जब तक इन दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती, तब तक गरीबों को न्याय मिलना असंभव है।

# प्रशासनिक क्रूरता: कागज़ों पर जिंदा शिक्षक को कर दिया मृत, 5 महीने से रुका वेतन, दाने-दाने को तरसा परिवार

**धनौरा संवाददाता-केशव राय ।** डिजिटल इंडिया और सुशासन के दावों के बीच मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के धनौरा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक शाला गोरखपुर में शिक्षा विभाग का एक ऐसा असंवेदनशील और हैरान करने वाला कारनामा सामने आया है, जिसने पूरे सरकारी तंत्र को शर्मसार कर दिया है।

विभाग की एक बड़ी कागज़ी लापरवाही के कारण एक जीवित कार्यरत शिक्षक विष्णु प्रसाद डेहरिया जो की शासकीय प्राथमिक शाला गोरखपुर में प्राथमिक शिक्षक के रूप में कार्यरत है जिन्हें सरकारी रिकॉर्ड में 10 दिसम्बर 2023 में मृत घोषित कर दिया गया है। इस ब्लंडर का खामियाजा शिक्षक को पिछले पाँच महीनों से भुगतना पड़ रहा है, क्योंकि उनका वेतन पूरी तरह रोक दिया गया है। खुद को जिंदा साबित करने दफ्तरों के चक्कर काट रहा पीड़ित शिक्षक पिछले पाँच महीनों से अपनी जेब से पैसे खर्च कर शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। वे हाथों में अपना आधार कार्ड, पैन कार्ड और सर्विस बुक लेकर अधिकारियों के सामने गिड़गिड़ा रहे हैं कि साहब, मैं ज़िंदा हूँ, मरा नहीं हूँ। लेकिन फाइलों के बोझ तले दबे प्रशासनिक अमले के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। कागज़ी औपचारिकताएं और विभागीय जांच के नाम पर मामले को लगातार टाला जा रहा है।पाँच महीने से वेतन बंद, परिवार भुखमरी की कगार पर वेतन न मिलने के कारण शिक्षक और उनके आश्रित परिवार की कमर टूट चुकी है। घर का राशन, बच्चों की स्कूल की फीस, बुजुर्ग माता-पिता की दवाइयां और मकान का किराया देना अब उनके लिए असंभव हो गया है। पीड़ित शिक्षक ने अत्यंत भावुक होकर बताया कि विभाग की एक लापरवाही ने उनके पूरे परिवार को सामाजिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित कर दिया है। स्थिति इतनी बदतर हो चुकी है



कि परिवार अब दाने-दाने को मोहताज है और मानसिक तनाव के कारण किसी भी अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई है।

### मानवाधिकारों का खुला हनन और घोर लापरवाही

यह मामला सिर्फ एक तकनीकी खराबी या मानवीय भूल का नहीं है, बल्कि यह एक जीवित व्यक्ति के नागरिक और मानवाधिकारों का खुला हनन है। बिना किसी पुख्ता वेरिफिकेशन, मृत्यु प्रमाण पत्र या जांच के, किसी सेवारत कर्मचारी को सर्विस रिकॉर्ड (जैसे श्व स्त्र ह्व ष्ड्ड ह्ल द्व श ठ्ठ क्कशह्म्ह्लड्डद्य/॥क्रूरूस्) में मृत घोषित कर देना यह दर्शाता है कि विभाग के बाबू और अधिकारी कितने गैर-जिम्मेदाराना तरीके से काम कर रहे हैं।

शिक्षक संगठनों में भारी आक्रोश,आंदोलन की चेतावनी

इस घटना के सामने आने के बाद स्थानीय शिक्षक संगठनों और कर्मचारी संघों में भारी आक्रोश व्याप्त है। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह प्रशासनिक क्रूरता की पराकाष्ठा है। संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि अगले 48 घंटों के भीतर पीड़ित शिक्षक के रिकॉर्ड को सुधार कर उनका रुका हुआ पूरा वेतन जारी नहीं किया गया, तो वे जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ और बीडीओ ) कार्यालय का घेराव करेंगे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### सुलगते सवाल-जवाबदेही किसकी?

पूरे घटनाक्रम ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं:बिना किसी मृत्यु प्रमाण पत्र या सत्यापन के एक जीवित शिक्षक को कागज़ों पर मृत कैसे मान लिया गया?इस गंभीर लापरवाही के लिए जिम्मेदार बाबू और कंप्यूटर ऑपरेटर पर अब तक क्या कार्रवाई हुई?

### पिछले 5 महीनों से एक पीड़ित कर्मचारी को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का हर्जाना कौन भुगतेगा?

उच्च अधिकारियों को इस मामले में तुरंत संज्ञान लेकर न केवल शिक्षक का वेतन बहाल करना चाहिए, बल्कि दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई भी करनी चाहिए ताकि भविष्य में किसी अन्य कर्मचारी को ऐसी मानसिक प्रताडना से न गुजरना पड़े।

# 99.30 प्रतिशत के साथ अमित सिगोतिया ने किया शानदार प्रदर्शन

### नीट-यूजी 2026 में हासिल की ऑल इंडिया रैंक 13,808 कतिया समाज का किया नाम रोशन

**सिवनी।** सिवनी जिले के छपारा के पास स्थित ग्राम अंधियारी का रहने वाला छात्र ने अपनी लगन और मेहनत के चलते ऑनलाइन पढ़ाई करके आज पूरे जिले का नाम रोशन किया है बता दें कि छात्र के पिता मजदूरी करके अपना परिवार का पालन करते हुए पिता ने अपना फर्ज निभाते हुए अपने बेटे को एक अच्छी शिक्षा देने के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ी जिसका आज जीता जागता उदाहरण देखने को मिला जहां आज पूरे प्रदेश में कतिया समाज के अलावा अपने माता-पिता और पूरे गांव का नाम रोशन करने वाला छात्र अमित सिगोतिया पिता राधेश्याम सिगोतिया ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट (यु जी )-2026 के घोषित परिणामों में जिले के प्रतिभाशाली छात्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 590 अंक (720 में से) प्राप्त किए हैं। उन्होंने 99.3052135 प्रतिशत हासिल कर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया है।और जारी स्कोर कार्ड के



अनुसार अमित ने ऑल इंडिया रैंक (ए आई आर ) 13,808 प्राप्त की है। वे अनुसूचित जाति (एस सी ) वर्ग से हैं और उनकी कैटेगरी रैंक 305 रही है। विषयवार प्रदर्शन में उन्होंने बायोलॉजी में 99.58 परसेंटाइल, केमिस्ट्री में 99.51 परसेंटाइल तथा फिजिक्स में 98.99 परसेंटाइल प्राप्त किए हैं।

अमित की इस उपलब्धि से उनके परिवार, शिक्षकों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। उनकी सफलता को कड़ी मेहनत, नियमित अध्ययन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम माना जा रहा है। इस शानदार प्रदर्शन से उन्होंने जिले का नाम भी गौरवान्वित किया है। गौरतलब है कि नीट (यु जी )-2026 देशभर के मेडिकल एवं डेंटल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित सबसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक है।

### खुर्सीपार में सेक्टर स्तरीय बैठक संपन्न: जल संरक्षण, नशामुक्ति और उच्च शिक्षा को लेकर बनी कार्ययोजना

खुर्सीपार। ग्राम पंचायत खुर्सीपार में शनिवार को सेक्टर स्तरीय बैठक का सफल आयोजन किया गया। विकासखंड समन्वयक श्रीमती रीता वर्मा श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुई इस बैठक में सामाजिक विकास, उच्च शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा और आगामी कार्ययोजना तैयार की गई।

उच्च शिक्षा और सामाजिक सहभागिता पर जोर

बैठक के दौरान युवाओं को उच्च शिक्षा से जोडने के लिए (बैचलर ऑफ सोशल वर्क) और (मास्टर ऑफ सोशल ) पाठ्यक्रमों में नए प्रवेश को लेकर रणनीति बनाई गई। उपस्थित समिति के सदस्यों ने ग्रामीण युवाओं को इस कोर्स के माध्यम से समाज सेवा और करियर निर्माण के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही, क्षेत्र के चहुंमुखी विकास में प्रस्फुटन समितियों की सक्रियता और जन-भागीदारी बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया।

## सिवनी में आईटीआई छात्र को बंधक बनाकर पीटने वाले 5 आरोपित, चार नाबालिग गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में एक आईटीआई छात्र को बंधक बनाकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट करने और उसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन में कोतवाली पुलिस की विशेष टीम ने वीडियो के आधार पर कार्रवाई करते हुए 5 बालिग आरोपितों व 4 विधि विवादित बालकों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने घटना में उपयोग किया गया डंडा, क्लच वायर भी जब्त कर लिया है। अन्य फरार आरोपितों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।14 जुलाई को मीडिया में एक युवक की बर्बर पिटाई का वीडियो बहुप्रसारित हुआ था। बेरहमी से पिटाई की घटना 7 जून दोपहर की बताई गई



इस पर तत्काल संज्ञान लेकर पुलिस ने जांच की तो पता चला कि पीड़ित युवक सोहेल खान भोमा निवासी आईटीआई चूनाभट्टी का छात्र है। बंधक बनाकर बेरहमी से पिटाई की घटना 7 जून दोपहर की बताई गई है।

पीड़ित जब आईटीआई की कैंटीन में था, तभी तीन बाइक में सवार होकर पहुंचे 6 युवक उसे जबरन उठाकर खैरीटेक के पास सूनसान इलाके में ले गए, जहां 8 अन्य आरोपित पहले से मौजूद थे। एक छात्रा से बात करने के विवाद पर आरोपितों ने पीड़ित छात्र को लात-घूंसों, डंडे, पाइप, क्लच वायर व रस्सी से बेरहमी से पीटा। अमानवीयता दिखाते हुए पीड़ित के घावों पर तेल में नमक व मिर्ची का घोल लगा कर पूरी घटना का वीडियो भी बनाया। बाद में आरोपितों ने उसे वापस लाकर छात्रा के पैर पकड़वाकर माफी मंगवाई और जान से मारने की धमकी देकर छोड़ दिया।

## आज अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद का 25 लाख घर संपर्क महाअभियान क्रांति कार्यक्रम, संगठन करेगा जनजागरण का शंखनाद

सिवनी। अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल, राष्ट्रीय महिला परिषद ओजस्विनी एवं राष्ट्रीय छात्र परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आज जिले में 25 लाख घर संपर्क महाअभियान के अंतर्गत विशेष क्रांति कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य घर-घर संपर्क कर समाज में



राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक चेतना और संगठन के कार्यक्रमों से आमजन को जोडना है।

संगठन के पदाधिकारियों के अनुसार यह महाअभियान गुरु पूर्णिमा (29 जुलाई) से प्रारंभ होकर विजयादशमी (20 अक्टूबर 2026) तक चलेगा। अभियान के दौरान कार्यकर्ता घर-घर जाकर संगठन की विचारधारा, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों तथा विभिन्न सेवा कार्यों की जानकारी देंगे। अभियान के अंतर्गत अखंड भारत सप्ताह, जन्माष्टमी, गणेश उत्सव, नवरात्र, दीपावली सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से समाज को जोडने का प्रयास किया जाएगा।

### एक वृक्ष, अनेक जीवन का संदेश: नेताजी सुभाषचंद्र बोस विद्यालय में हुआ वृहद वृक्षारोपण, पुलिस अधिकारियों ने किया पौधरोपण

**सिवनी।** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ नेताजी सुभाषचंद्र बोस हायर सेकेंडरी शाला, सिवनी में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, शिक्षकों, पर्यावरण प्रेमियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता करते हुए पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। जो लोग वृक्षों के महत्व को नहीं समझते, वे अपने भविष्य और आने वाली पीढ़ियों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। एक वृक्ष अनेक लोगों को जीवन देता है। वृक्ष हमें शुद्ध वायु, छाया, वर्षा और संतुलित पर्यावरण प्रदान करते हैं। इनके बिना मानव जीवन की कल्पना भी संभव नहीं है।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, डीएसपी संदीपिका ठाकुर तथा श्रीमती बघेल सहित अन्य अधिकारियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण से जुड़े यदुराज उईके, पूजा पांडे, सबीन खान, अखिल खान, साबिर खान तथा फरजाना खान भी उपस्थित रहे। वहीं विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक राजकुमार दुबे, अभिलाष मिश्रा एवं नंदकिशोर राहंगडाले ने विद्यार्थियों को वृक्षों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण तथा हरियाली बढ़ाने की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी।

## शिक्षा और युवाओं के भविष्य को लेकर 19 जुलाई को पूर्व विधायक अर्जुन सिंह काकोडिया निकालेंगे गैर-राजनीतिक पदयात्रा

**बरघाट** - शिक्षा व्यवस्था में सुधार, बच्चों के सुरक्षित भविष्य और प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता की मांग को लेकर 19 जुलाई 2026, रविवार को पूर्व विधायक अर्जुन सिंह काकोडिया के नेतृत्व में एक गैर-राजनीतिक जन-जागरूकता पदयात्रा निकाली जाएगी। यह पदयात्रा प्रातः 7 बजे बरघाट गांधी चौक से शुरू होकर सिवनी आंबेडकर चौक पर समाप्त होगी। श्री काकोडिया जी ने बताया कि इस पदयात्रा का उद्देश्य किसी व्यक्ति, दल या शासन-प्रशासन का विरोध करना नहीं है। इसका मकसद समाज में शिक्षा, एकता और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता फैलाना है। पूर्व विधायक अर्जुन सिंह काकोडिया ने बताया कि इस गैर-राजनीतिक पदयात्रा के माध्यम से समाज में 4 बड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

पहला उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था में आवश्यक सुधार लाना है ताकि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ शिक्षा मिल सके।

दूसरा उद्देश्य बच्चों के उज्ज्वल एवं सुरक्षित भविष्य का निर्माण करना है। इसके लिए बाल सुरक्षा और बेहतर शैक्षणिक माहौल पर जोर दिया जाएगा।

तीसरा प्रमुख बिंदु प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता एवं सुधार है। युवा वर्ग को नकल और भ्रष्टाचार मुक्त परीक्षा प्रणाली मिले, यही इस अभियान की मांग है। चौथा और सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य देश में आपसी भाईचारा, सद्भाव और सामाजिक एकता को मजबूत करना है।

आयोजकों का मानना है कि शिक्षित और जागरूक समाज ही एक मजबूत राष्ट्र की नींव रख सकता है। आयोजकों ने स्पष्ट किया कि यात्रा के दौरान कोई ज्ञापन प्रस्तुत नहीं किया जाएगा। यह पूरी तरह से सकारात्मक जन-जागरण अभियान है।

उन्होंने कहा, जब देश की जनता जागरूक, शिक्षित और जिम्मेदार बनेगी, तभी शासन-प्रशासन भी अपनी जिम्मेदारियों का बेहतर निर्वहन कर पाएगा।

हमारी लड़ाई किसी से नहीं है, हमारी लड़ाई समाज में जागरूकता और जिम्मेदारी बढ़ाने के लिए है। पदयात्रा में सभी वर्गों के नागरिकों से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई है।

## वृक्षारोपण अभियान से सतयोगी सोसायटी फॉर ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट संस्था दे रही हरियाली का सन्देश




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ वातावरण के उद्देश्य से आज नगर के टारगेट लाइब्रेरी में सतयोगी सोसायटी फॉर ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट सिवनी द्वारा वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में विद्यार्थियों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, कार्यक्रम के दौरान लगभग 300 फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए, उपस्थित अतिथियों में संस्था की अध्यक्ष सीमा गढ़पाले, संस्था सदस्य आरसी नागदेवे, वासुदेव मेषराम, श्रीमती रजनी नागदेव, संस्था सदस्य जितेंद्र लिहारे पूर्णिमा उईके एवं संस्था के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

संस्था प्रमुख के द्वारा प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लेने को कहा गया।

जितेंद्र लिहारे ने विद्यार्थियों से पौधों की नियमित सिंचाई और संरक्षण का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली और भविष्य में भी ऐसे अभियानों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे हरित और स्वच्छ भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

व्यापारी और ग्रामीण परेशान, बरसात में बीमारी फैलने का बढ़ा खतरा

## धनौरा साप्ताहिक बाजार में गंदगी का अंबार, जिम्मेदार मौन

**धनौरा। धनौरा मुख्यालय में प्रत्येक सप्ताह लगने वाली साप्ताहिक बाजार इन दिनों बदहाल व्यवस्थाओं के कारण चर्चा का विषय बनी हुई है।**

बाजार परिसर में जगह-जगह फैली गंदगी, कचरे के ढेर और दुर्गंध से व्यापारी तथा खरीदारी के लिए दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद ग्राम पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी, सचिव, सरपंच एवं बाजार ठेकेदार की उदासीनता साफ दिखाई दे रही है।

मौके पर देखने पर बाजार की स्थिति बेहद चिंताजनक नजर आई। बाजार में प्रवेश करते ही सड़क पर कचरे और गंदगी के ढेर दिखाई देते हैं, जिनके ऊपर से होकर लोगों को आवाजाही करनी पड़ रही है। बारिश के कारण यह गंदगी और अधिक फैल रही है, जिससे पूरे क्षेत्र में अस्वच्छ वातावरण बना हुआ है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से बाजार की नियमित साफ-सफाई नहीं हो रही है। हर सप्ताह हजारों लोग यहां खरीदारी करने पहुंचते हैं, लेकिन स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। बरसात के मौसम में गंदगी के कारण मच्छरों और अन्य रोग फैलाने वाले जीवाणुओं के पनपने का खतरा भी बढ़ गया है, जिससे संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है।

व्यापारियों का कहना है कि बाजार से शुल्क तो



नियमित रूप से वसूला जाता है, लेकिन बदले में मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। ग्रामीणों ने भी बाजार परिसर की तत्काल साफ-सफाई कराने और नियमित स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

## गोरखपुर के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, तीन युवक घायल, दो की हालत गंभीर

**सिवनी** जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह करीब 8 बजे एक सड़क हादसे में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन युवक घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। घटना के बाद मौके पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जिससे उन्हें समय पर उपचार मिल सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसा घंसौर थाना क्षेत्र के गोरखपुर गांव के पास हुआ। दुर्घटना में सुनील सल्लाम (26 वर्ष), प्रमोद उइके (18 वर्ष) और अंकित मरावी (19 वर्ष) घायल हो गए।

# खाद के बड़े दामों को लेकर आक्रोश कांग्रेस ने कृषि मंत्री का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



**बालाघाट में खाद के बढ़ते दामों, ई-टोकन व्यवस्था में आ रही दिक्कतों और विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा न करने के विरोध में शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कृषि मंत्री का पुतला फूंका। कांग्रेस ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से हनुमान चौक तक एक विरोध रैली निकाली और केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।**

किसान कांग्रेस के अध्यक्ष भुरू पटेल ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि खाद के लिए लागू की गई ई-टोकन व्यवस्था के कारण किसानों को भारी परेशानी हो रही है। सर्वर डाउन होने की वजह से किसानों को खाद के लिए कई-कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। इसके साथ ही ऐन फसल के सीजन में खाद के दाम बढ़ाकर सरकार ने अन्नदाताओं पर आर्थिक बोझ डाल दिया है। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्याम पंजवानी और भुरू पटेल ने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय भाजपा ने 'मोदी गारंटी' के तहत गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 रुपए और धान का 3100 रुपए प्रति क्विंटल करने का वादा किया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों की आय दोगुनी करने की बात कही थी, लेकिन सरकार बनते ही वे अपने वादों से मुकर गए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आज किसानों को खाद और बीज जैसी बुनियादी चीजों के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। उन्होंने साफ किया कि कांग्रेस पूरी तरह से किसानों के साथ खड़ी है और उनके हक की आवाज उठाती रहेगी। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

# इनर व्हील क्लब बालाघाट टाइगर्स ने किया वृक्षारोपण एवं कॉपी वितरण, विद्यार्थियों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए इनर व्हील क्लब बालाघाट टाइगर्स द्वारा शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर, बालाघाट में वृक्षारोपण एवं कॉपी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवा और संस्कार की भावना से आयोजित इस कार्यक्रम में क्लब की सदस्याओं ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा जरूरतमंद बच्चों को अध्ययन सामग्री के रूप में कॉपियों का वितरण किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों के रोपण के साथ हुआ। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष डॉ. गुरमीत त्रिवेदी ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि आज हम अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करेंगे, तभी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सकेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहकर उनकी नियमित देखभाल करने का भी संकल्प लेने का आह्वान किया।

क्लब की सचिव अर्चना गुप्ता ने बताया कि इनर व्हील क्लब समय-समय पर समाजहित में विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन करता रहा है। इसी क्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कॉपियों का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है और समाज के सक्षम लोगों का दायित्व है कि वे जरूरतमंद विद्यार्थियों को हर संभव सहयोग प्रदान करें।

वृक्षारोपण के बाद विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री वितरित की गई। कॉपियां प्राप्त कर बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह स्पष्ट दिखाई दिया। विद्यालय परिवार ने इनर व्हील क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी कदम बताया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में सामाजिक जिम्मेदारी, पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा के महत्व के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करते हैं।

कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब बालाघाट टाइगर्स की अध्यक्ष डॉ. गुरमीत त्रिवेदी, सचिव अर्चना गुप्ता, कोषाध्यक्ष वंदना नवानी, रश्मि बिसेन, रिया पसरिचा, ममता चंदेल, मनीषा छुटानी, सुरभि शर्मा, वर्षा जैन, माधुरी अग्रवाल, हैप्पी छाबड़ा, रूबी छाबड़ा, डॉ. पूर्णिमा भारद्वाज, गायत्री, रानी धनवानी, महक सचदेव, मोनिका बिसेन, प्रियंका जायसवाल, शिखा चावड़ा, सोनल गांधी, शालू गांधी, श्वेता सचदेव सहित क्लब की अनेक सदस्याएँ उपस्थित रहीं।

इस सेवा कार्य को सफल बनाने में रोटरी क्लब बालाघाट टाइगर्स के सदस्यों ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया। दोनों संगठनों के संयुक्त प्रयास से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और समाज में सेवा, शिक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश देने में सफल रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित और समाज कल्याण से जुड़े सेवा कार्य निरंतर संचालित करने का संकल्प व्यक्त किया।

# कृषि महाविद्यालय बालाघाट में 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार कृषि महाविद्यालय, बालाघाट में 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान के अंतर्गत युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वारासिवनी थाना प्रभारी श्री अनूप कुमार उइके ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, शिक्षा, करियर और समाज सभी को प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से अनुशासित जीवन, सकारात्मक सोच और अच्छे संस्कार अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि नशामुक्त युवा ही राष्ट्र निर्माण में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग करने, कानून के प्रति जागरूक रहने तथा स्वयं नशे से दूर रहकर दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. घनश्याम देशमुख ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि शिक्षण संस्थान केवल शिक्षा प्रदान करने का माध्यम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण के केंद्र भी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नशामुक्त जीवन अपनाकर समाज में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया।

इस अवसर पर सहायक उपनिरीक्षक श्री राजकपूर रंगारे ने नशीले पदार्थों से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया। वहीं प्रधान आरक्षक श्री सुजीत कटांगले ने युवाओं से खेल, योग, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

# मजदूरों के 70 हजार चुराने वाला पकड़ाया, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट बस स्टैंड पर मजदूरों के 70 हजार की चोरी होने के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी परवेज उर्फ परवेश शेंडे को गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट ने इसे जेल भेज दिया है।

इस वारदात में शामिल उसका एक साथी अभी भी फरार है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

चोरों ने पहले मजदूरों से दोस्ती की, उन्हें शराब पिलाई और फिर उनके सो जाने के बाद वारदात को अंजाम दिया।

यह मामला मंडला जिले के लटरी निवासी सोनुसिंह की शिकायत पर दर्ज किया गया था।



पीड़ित मजदूर अकलसिंह धुर्वे ने बताया कि वे महाराष्ट्र के अकोला में बोरवेल का काम करते थे। वे वहां की 11 महीने की मजदूरी लेकर अपने घर मंडला जा रहे थे। रात में बालाघाट में रुकने का कोई साधन न होने के कारण वे बस स्टैंड पर ही सो गए थे, जहां सुबह उनका रुपयों से भरा बैग गायब मिला।

कोतवाली थाना प्रभारी अजय गुर्जर ने बताया कि 70 से 80 हजार रुपए की इस चोरी के मामले में पुलिस ने जांच के बाद परवेज को पकड़ लिया है। पूछताछ और जांच में सामने आया है कि इस चोरी में परवेज के साथ एक और आरोपी भी शामिल था।

दोनों शातिर चोरों ने पहले बस स्टैंड पर रुकने वाले इन सीधे-साधे मजदूरों से जान-पहचान बढ़ाई, उनके साथ शराब पी और जैसे ही मजदूरों को गहरी नींद आई, वे उनका पैसों से भरा बैग लेकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस अब फरार दूसरे आरोपी की तलाश में जुटी है।

## विशेष लोक अदालत सफलतापूर्वक सम्पन्न

**वारासिवनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार परकाम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 यानी चेक बाउस के लंबित मामलो के त्वरित निराकरण के लिये 18 जुलाई शनिवार को वारासिवनी न्यायालय में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया था। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट प्राणेश कुमार प्राण एवं सचिव/न्यायाधीश सतीश शर्मा के निर्देशन में धारा 138 की विशेष लोक अदालत के आयोजन हेतु 02 खण्डपीठों का गठन किया गया।

# जिला पुलिस अधीक्षक ने राजकुमार चौधरी की पदोन्नति पर बेच लगाकर किया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

जिला पुलिस बालाघाट द्वारा नक्सल विरोधी अभियानों में असाधारण सास और पराक्रम दिखाने वाले बहादुर सुरक्षा बलों को सम्मानित करने के लिए मध्य प्रदेश पुलिस कम से पूर्व पदोन्नति अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। वही नवागत थाना प्रभारी राजकुमार चौधरी ने पुलिस थाना किरनापुर की कमान संभाली ।थाना प्रभारी राजकुमार चौधरी ने किरनापुर थाने की कमान संभालते ही टी.आई. (श्री स्टार) के पद पर प्रमोशन मिलने पर आपको बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।

पत्रकारो की परिचयात्मक बैठक । उन्होंने आपसी सामंजस्य और टीम भावना के साथ कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। इसके साथ ही उन्होंने पेंडिंग मामलों के त्वरित निपटारे और जनसुनवाई को प्रभावी बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।श्री राजकुमार चौधरी पुलिस विभाग द्वारा हाल ही में किए गए प्रशासनिक फेरबदल के बाद किरनापुर थाने में नए थाना प्रभारी की नियुक्ति की गई है। गौरतलब है कि पूर्व थाना प्रभारी श्री माधव शर्मा का स्थानांतरण हो जाने पर श्री राजकुमार चौधरी को कमान सौंपी गई है। पदभार ग्रहण करते ही नवागत थाना प्रभारी ने अधीनस्थ स्टाफ और सहयोगियों के साथ एक थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पत्रकारों से चर्चा के दौरान नवागत थाना प्रभारी राजकुमार चौधरी ने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराधों पर पूरी तरह अंकुश लगाना और शांति व्यवस्था कायम रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। जुआ, सट्टा, अवैध शराब और अन्य गैरकानूनी कार्यों में संलिप्त अपराधियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों पर त्वरित नियंत्रण कर सुरक्षा का माहौल तैयार किया जाएगा। वर्तमान दौर में बढ़ते ऑनलाइन फ्रॉड को देखते हुए आम जनता को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। थाना प्रभारी ने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी शरारती तत्व को बख्शा नहीं जाएगा और आम जनता की सेवा व सुरक्षा के लिए पुलिस सदैव तत्पर रहेगी।

# डाइट बालाघाट में तीन दिवसीय ईसीसीई प्रशिक्षण का समापन, 101 विद्यालयों के शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बालाघाट में आयोजित तीन दिवसीय प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) प्रशिक्षण का शनिवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य पूर्व-प्राथमिक शिक्षा को अधिक रोचक, गतिविधि-आधारित एवं बाल-केंद्रित बनाते हुए शिक्षकों की दक्षता में वृद्धि करना था।**



डाइट प्राचार्य श्री नरेश प्रसाद मलगाम के नेतृत्व में आयोजित इस प्रशिक्षण का संचालन ईसीसीई प्रभारी श्री शिव कुमार त्रिपाठी ने किया। प्रशिक्षण में जिले के 101 विद्यालयों की ईसीसीई कक्षाओं का संचालन करने वाले शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर श्री जीवनलाल मंसूरे, श्री दुर्गा प्रसाद राहंगडाले एवं श्री ओमप्रकाश लिल्हारे ने खेल-आधारित शिक्षण, गतिविधि-आधारित अधिगम, भाषा एवं संज्ञानात्मक विकास, कक्षा प्रबंधन तथा नवाचारी शिक्षण तकनीकों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। साथ ही शिक्षकों को शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) के निर्माण एवं प्रभावी उपयोग का भी अभ्यास कराया गया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए डाइट प्राचार्य श्री नरेश प्रसाद मलगाम ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा बच्चों के समग्र विकास की आधारशिला है। उन्होंने शिक्षकों से प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई गतिविधि-आधारित एवं नवाचारी शिक्षण विधियों को विद्यालयों में प्रभावी ढंग से लागू करने का आह्वान किया, ताकि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण एवं आनंददायक शिक्षा मिल सके।

प्रशिक्षण प्रभारी श्री के.डी. तीतरमारे ने कहा कि प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा बच्चों के भाषा, संज्ञानात्मक, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास की मजबूत नींव तैयार करती है। वहीं जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केंद्र श्री घनश्याम बर्मन ने शिक्षकों से विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के प्रयास करने तथा प्रशिक्षण में प्राप्त नवाचारों एवं टीएलएम का नियमित उपयोग कर गुणवत्तापूर्ण ईसीसीई वातावरण तैयार करने का आग्रह किया।

## डायरिया रोको अभियानः छह गांवों में हैंडपंपों का सुधार, पेयजल स्रोतों में डाला गया जर्मेक्स

**बालाघाट।** बालाघाट जिले में संचालित 'डायरिया रोको अभियान' के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग ने उपखंड परसवाड़ा, लांजी एवं बिरसा विकासखंड के कई गांवों में पेयजल स्रोतों को सुरक्षित एवं स्वच्छ बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान ग्राम पौंडी, चीनी, कुम्हारीकला, सालेटेकरी, मझगांव एवं बहेराभाटा में विभागीय टीम ने खराब पड़े हैंडपंपों का सुधार कार्य किया। इसके साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सुधारे गए हैंडपंपों सहित गांव के सभी हैंडपंपों में जर्मेक्स डालकर क्लोरीनीकरण किया गया। विभाग के अनुसार क्लोरीनीकरण से पानी में मौजूद हानिकारक कीटाणुओं का नाश होता है, जिससे डायरिया सहित अन्य जलजनित बीमारियों की रोकथाम में मदद मिलती है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे पेयजल को छानकर एवं ढककर रखें, स्वच्छता का विशेष ध्यान दें तथा सुरक्षित पानी का ही उपयोग करें, ताकि डायरिया और अन्य जलजनित रोगों से बचाव सुनिश्चित किया जा सके।

# पीएचई विभाग का डायरिया रोको अभियान : पिपरिया हुड़कीटोला में पानी की गुणवत्ता जांची, ग्रामीणों को स्वच्छता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले में जलजनित बीमारियों की रोकथाम एवं ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा 'डायरिया रोको अभियान' प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में कार्यपालन यंत्री बी.एल. उइके के निर्देशन में संस्था नई रोशनी के फील्ड समन्वयकों ने वारासिवनी विकासखंड के ग्राम पिपरिया हुड़कीटोला का भ्रमण कर विभिन्न जागरूकता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा गतिविधियों का आयोजन किया। अभियान के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, विद्यालय के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) के माध्यम से पेयजल स्रोतों की गुणवत्ता की जांच की गई। साथ ही ग्रामीणों को स्वयं पानी की गुणवत्ता जांचने की विधि भी सिखाई गई, ताकि वे दूषित पानी की पहचान कर जलजनित बीमारियों से बचाव कर सकें। इस अवसर पर विभागीय टीम ने ग्रामीणों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्कूली बच्चों को साबुन से हाथ धोने के छह चरणों (6 स्टेप्स) का व्यावहारिक प्रदर्शन कर स्वच्छता का महत्व समझाया। उन्हें बताया गया कि भोजन बनाने और खाने से पहले तथा शौच के बाद साबुन से हाथ धोना डायरिया जैसी बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। फील्ड समन्वयकों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे हमेशा शुद्ध एवं ढककर रखा हुआ पानी ही उपयोग करें तथा पेयजल स्रोतों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखें। उन्होंने कहा कि जागरूकता, स्वच्छता और सुरक्षित पेयजल के उपयोग से ही डायरिया सहित अन्य जलजनित रोगों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

# पाँच दिवसीय भावातीत ध्यान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी के ज्ञान, चेतना एवं विश्व शांति के संदेश से प्रेरित तथा वेद विद्या मार्तण्ड ब्रह्मचारी गिरीश जी के प्रेरणादायी मार्गदर्शन में संचालित महर्षि आध्यात्मिक जन जागरण अभियान के अंतर्गत महर्षि विद्या मंदिर, बालाघाट द्वारा स्थानीय सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल में 13 से 17 जुलाई 2026 तक पाँच दिवसीय भावातीत ध्यान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।इस पाँच दिवसीय शिविर की विशेष उपलब्धि यह रही कि 374 छात्र-छात्राओं ने भावातीत ध्यान की सरल एवं सहज तकनीक सीखी और आंतरिक शांति, सकारात्मकता एवं चेतना के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया।इस अवसर पर महर्षि विद्या मंदिर, बालाघाट के प्राचार्य श्री सतीश चौरसिया जी एवं महर्षि विद्या मंदिर, तुमसर के प्राचार्य श्री हरिओम दुबे जी ने छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय परिवार को संबोधित किया। उन्होंने महर्षि आध्यात्मिक जन जागरण अभियान के उद्देश्यों एवं इसकी महत्ता पर प्रकाश डालते हुए परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी के ज्ञान और भावातीत ध्यान के माध्यम से समाज में आध्यात्मिक चेतना, शांति एवं सकारात्मकता के प्रसार का संदेश दिया। इस संपूर्ण पहल को सफल बनाने में उनका मार्गदर्शन, सक्रिय सहभागिता एवं समर्पण अत्यंत सराहनीय रहा।

भावातीत ध्यान शिक्षक मनोज ज्योतिषी, श्रीमती सुनीता तिवारी, रमेश कावरे एवं श्रीमती स्वाति सिंदपुरे ने पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ विद्यार्थियों को भावातीत ध्यान का प्रशिक्षण प्रदान कर शिविर को सफल एवं सार्थक बनाया।सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती पूर्णिमा देशमुख जी का विशेष सहयोग एवं आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति उनकी सकारात्मक भावना भी प्रशंसनीय रही, जिससे बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को भावातीत ध्यान से जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ। महर्षि आध्यात्मिक जन जागरण अभियान की ओर से प्राचार्य सतीश चौरसिया, प्राचार्य हरिओम दुबे, प्राचार्या श्रीमती पूर्णिमा देशमुख सभी भावातीत ध्यान शिक्षकों एवं दोनों विद्यालय परिवारों को इस प्रेरणादायी एवं सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। विद्यार्थियों को भावातीत ध्यान से जोड़ने का यह सामूहिक प्रयास परम पूज्य महर्षि जी के ज्ञान एवं विश्व शांति के संदेश को नई पीढ़ी तक पहुँचाने की दिशा में एक अत्यंत सराहनीय पहल है।

